GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:04.07.2022

AMAR UJALA

जेसी बोस विवि को नैक टीम के दौरे का इंतजार

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) में शिक्षा की गुणवत्ता का परिचायक (नैक) प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त हो गई। अब दोबारा प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए विवि ने आवेदन किया है, लेकिन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) टीम के दौरे का इंतजार है। टीम जल्द ही दौरा कर यह प्रमाण जारी कर सकती है। वहीं, वर्ष 2016 में जारी प्रमाणपत्र 2021 तक ही मान्य था।

नैक प्रमाणपत्र विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थान की पढ़ाई की गुणवत्ता बताता है। इसके साथ ही शिक्षण संस्थान में ढांचागत सुविधाएं भी नैक ग्रेडिंग के आधार पर आंकी जाती हैं। साथ ही विवि में शोध, कैंपस प्लेसमेंट जैसी सुविधाओं को नैक ग्रेड में परखा जाता है। जेसी बोस विवि पूर्व में ए-ग्रेड के साथ नैक की कसौटी पर खरा उतरा था। अब नए प्रमाणपत्र के लिए विवि प्रबंधन ने आवेदन किया है। टीम का दौरा जल्द ही होने की संभावना है।

4 नए कॉलेजों ने किया आवेदन : राजकीय जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता ने बताया कि नैक ने इस बार आवेदन नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। इस कारण नए शिक्षण संस्थान भी नैक आवेदन करने में सक्षम हैं। जिले में ऐसे चार नए कॉलेज हैं, जिन्होंने आवेदन किया है।

उधर, जेसी बोस विवि सहित पूर्व में नैक आवेदन करते आए विवि व कॉलेज भी अपने स्तर पर आवेदन कर चुके हैं। ऐसे में इस वर्ष नैक की ओर से कई शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता परखी जाएगी। इस कारण नैक ने अनुभवी पेशेवरों को गुणवत्ता परख टीम में बतौर मूल्यांकन कर्ता शामिल होने के लिए आवेदन मांगे हैं। यह आवेदन 25 जुलाई तक किए जा सकेंगे।

प्रबंधन ने किया आवेदन वर्ष 2021 तक थी ए-ग्रेड प्रमाणपत्र की अवधि

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:04.07.2022

HINDUSTAN

मिशन एडमिशन | इस विश्वविद्यालय में न सिर्फ हरियाणा बल्कि उत्तर भारत के तमाम राज्यों से छात्र पढ़ने के लिए आते हैं, इंजीनियरिंग कोर्स के लिए अभी दाखिले नहीं

जेसी बोस विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन इसका सूचना जारी कर दी है। इसी के साथ शैक्षणिक सत्र 2022-23 की प्रक्रिया शुरू हो गई। ये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया इंजीनियरिंग कोर्स के लिए नहीं होगी। बल्कि सामान्यतः स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमो के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है।

जो छात्र दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, आज से ही ऑनलाइन आवेदन करेंगे। छात्र विश्वविद्यालय आकर भी आवेदन कर सकते हैं। अभी तक कई प्रदेशों के 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, इसलिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त तय की गई है।

जिन प्रदेशों में 12वीं का परीक्षा का परिणाम कई प्रदेशों में जारी हो चुका है। ऐसे में जो छात्र विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में हरियाणा के विभिन्न जिलों, उत्तर-प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के अलावा विदेशी छात्र भी यहां दाखिले के लिए प्रयास करते हैं।



फाइल फोटो।

स्नातक में 12वीं के अंकों के आधार पर मिलेगा दाखिला

स्नातक में दाखिला 12वी के अंकों के आधार पर होगा। इसके लिए मैरिट लिस्ट आएगी। जबकि स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा देनी होगी। इसके लिए कार्यक्रम 16 अगस्त तक जारी कर दिया जाएगा। इसमें नए कोर्स में गणित एवं कंप्यूटिंग में बीएससी पाठ्यक्रम 10 सीट के साथ शुरू किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर होगा। भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान के विषयों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

दाखिला के लिए ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर बाई ओर एडकिशन पर क्लिक करें। वहां एक लिंक उपलब्ध होगा, जिसमें छात्र अपना ई-मेल और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। फिर एक ओटीपी आएगा। दोनों को वैरीफाई करें यहां आपका पंजीकरण पूरा हो जाएगा। इसके बाद फॉम खुल जाएगा। यहां अपना कोर्स चयन करें और फार्म समिट करें। आवेदन के समय 10वी का प्रमाणपत्र, 12वीं की अंक तालिका, परिवार पहचान पत्र, आरक्षण की श्रेणी का प्रमाणपत्र, आय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का नंबर की जरूरत होगी।